# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनजागरूकता एवं संरक्षण का दिया संदेश

शहडोल (स्वतंत्रमत)

नगर पालिका परिषद द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत नगर के समस्त जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक निरंतर चलाया जाएगा, जिसमें जनभागीदारी को प्रमुखता दी जा रही है। अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न तालाबों एवं जल स्त्रोतों के किनारे व्यापक स्वच्छता गतिविधियाँ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में घरौला तालाब परिसर में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों एवं स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता कार्य संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैनर, जनसंपर्क एवं संवाद के माध्यम से नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि आइए, मिलकर अपने जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जल स्त्रोतों में कचरा न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों में जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी, सहभागिता एवं स्थायी जागरूकता विकसित करना भी है। नगर पालिका परिषद द्वारा सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल शहर के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक मोतीलाल सिंह, उप यंत्री सुखेंद्र सिंह तोमर, स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल महोबिया सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता मित्र एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।



## कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई साप्ताहिक जनसुनवाई



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कृष्णा कालोनी निवासी कमली बैगा ने बैगा विकास की राषि प्रदान करने, सिंहपुर निवासी कुसुम कोल ने पेंषन एवं ई-रिक्षा प्रदान करने, पाण्डवनगर शहडोल निवासी रवि सिंह धुर्वे ने परिवीक्षा अवधि समाप्त करवाने, ग्राम पठरा निवासी अंकित सिंह ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राषि दिलाने,ग्राम हर्रा टोला निवासी फूलमतिया बैगा ने आर्थिक सहायता राषि दिलाने, ग्राम निपनिया निवासी रामकृपाल ने खसरा में नाम दर्ज कराने, ग्राम जमोडी निवासी रामसेवक प्रजापति ने वन भूमि का पट्टा दिलाएं जाने संबंधी आवेदन जनसुनवाई में दिए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त अन्य आवेदनों को भी कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

# जनसुनवाई में बजी मोबाइल टॉवर की घंटी

## ग्राम पंचायत उधिया में मोबाइल कंपनी कर रही मनमानी

शहडोल (स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उधिया में मोबाइल टॉवर लगाने के मामले में गंभीर प्रशासनिक अनियमितताएं सामने आई हैं। इस मामले में ग्रामींणों ने कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत करते हुये बताया कि उक्त मोबाइल टॉवर की स्वीकृति तकनीकी रूप से ग्राम पंचायत नरगी के पड़रिया क्षेत्र के लिए जारी की गई थी, किंतु संबंधित एजेंसी द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए इसे ग्राम पंचायत उधिया में स्थापित कर दिया गया है। ग्रामींणों ने बताया कि इस निर्माण के लिए न तो उधिया ग्राम सभा से अनुमति ली गई है और न ही पंचायत से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है। स्वयं पंचायत सचिव ने इस बात की पुष्टि की है। यह भी बताया गया कि स्थानीय ग्रामीणों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत करने के वावजूद, निर्माण कार्य को रोका नहीं गया है, जो कि संबंधित एजेंसी और अधिकारियों के बीच मिली भगत की ओर इशारा करता है।

### नियमों का उल्लंघन

यह कृत्य दूरसंचार विभाग के दिशा-निर्देशों और पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। वहीं दूसरी ओर एक ही स्थान पर लगे दो-दो कंपनियों के मोबाइल टॉवर के रेडिएशन से ग्रामीणों के स्वास्थ्य को भी खतरा है।



### निर्माण पर रोक की मांग

ग्रामींणों ने कलेक्टर से मांग की है कि उक्त टॉवर के निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही संबंधित एजेंसी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस तकनीकी गड़बड़ी की सूक्ष्मता से जांच कर उचित न्याय प्रदान किया जाए।

# जल गंगा संवर्धन अंतर्गत प्रथम चरण में प्रस्फुटन समिति के द्वारा किया गया श्रमदान

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रथम चरण जल शक्ति से नौ भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत 24 मार्च को सेक्टर क्रमांक 01 आखेटपुर के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पपरेड़ी में तातेश्वर धाम के प्रांगण में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम संचालित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे भगवान भोलेनाथ मंदिर के सामने बने सोक्ता गड्ढा जिसमे लंबे समय से जमे हुए कचरे को निकाल कर गहरीकरण एवं नाली की सफाई व स्वच्छता का कार्यक्रम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पपरेडी के अध्यक्ष दिलीप कुमार वैस एवं सदस्यों की उपस्थिति में ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से संपन्न किया गया। कार्यक्रम में नवाकुर संस्था जगदंबा जन विकास समिति के अध्यक्ष यमुना प्रसाद नापित एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह संपूर्ण कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक के मार्गदर्शन एवं उनके नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रमदान के कार्यक्रम में ग्राम पपरेडी के सामाजिक कार्यकर्ता मंगल सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच नारायण सिंह, राज नारायण वैस, रविंद्र सिंह, भगवानदीन, ललन प्रसाद, बृजेश, धीरज सिंह, शिबू नापित, अर्जुन सिंह एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि तातेश्वर नाथ इस क्षेत्र का प्रसिद्ध भगवान शिव का मंदिर है। लोगों द्वारा बताया गया कि यहां का प्रताप है कि 12 महीने निकलने वाला पानी गर्म रहता है दर्शनार्थी आकर पूजन अर्चन करते हैं तथा भगवान शिव की आराधना कर पूर्ण लाभ प्राप्त करते हैं। यंहा तीन कुंड है जिसमे से प्रथम कुंड में ज्यादा गर्म पानी दूसरे में उससे कम और तीसरे में सबसे कम गर्म पानी रहता है। यह भोलेनाथ का प्रताप और चमत्कार है यह जगह दूर-दूर तक लोगों का आस्था का केंद्र बना हुआ है।



# जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का अधिकारी त्वरित निराकरण करें: कमिश्नर

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल (स्वतंत्रमत)

। कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियें को दिए। जनसुनवाई में जिले के ग्राम मौहर टोला निवासी अषोक कुमार गुप्ता ने शासकीय उचित मूल्य दुकान से राषन दिलवाने, ग्राम निपनिया निवासी रामकृपाल ने खसरा में नाम दर्ज कराने, रेल्वे कालोनी शहडोल निवासी छविनाथ सिंह ने नक्षा तरमीम करवाने, ग्राम खैरहा निवासी रामकुमार कोरी ने शासकीय नाले से लगी भूमि से कब्जा हटवाकर कृषि कार्य हेतु मार्ग दिलवाने, उमरिया जिले के धमोखर निवासी प्रदीप यादव ने अनुकंपा नियुक्त दिलाने, ग्राम सिंहपमर निवासी आनंद सिंह राठौर ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, अनूपपुर जिले के ग्राम सरईकापा निवासी रामबाई कनौजिया ने ग्राम में सीसी रोड़ निर्माण हेतु आवेदन जनसुनवाई में दिए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त संभाग ने विभिन्न विभागो में लंबित जन सुनवाई के प्रकरणो के निराकरण की समीक्षा की तथा संबंधित विभागो के संभागीय अधिकारियो को आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जनसुनवाई के प्रकरणो का त्वरित निराकरण करने के निर्देष दिए।



# जनसुनवाई में आए 69 आवेदन, कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

डिंडौरी ( स्वतंत्र मत)

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 69 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर ह्यजेपी यादव, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन, एलडीएम रविशंकर सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्राम चांदरानी माल के बैगा टोला से पहुंचे ग्रामीणों ने पेयजल योजना बंद होने की समस्या बताई। परीक्षण अवधि के बाद एक वर्ष तक सुचारू जल आपूर्ति के उपरांत मोटर पंप में तकनीकी खराबी के कारण योजना बंद हो गई थी। इस पर संबंधित विभाग को तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार ग्राम चांदपुर से हाईस्कूल तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण की मांग भी की गई।



आवेदक ने बताया कि मार्ग कच्चा होने के कारण विशेषकर बारिश के समय छात्रों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने संबंधित विभाग की जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में खसरा क्रमांक 124 की भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें आवेदक ने आरोप लगाया कि संबंधित भूमि पर कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया गया है। जिस पर कलेक्टर ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने हेतु राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत क्षेत्र में पेयजल, नाली, सड़क, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव की शिकायतें भी सामने आईं। ग्रामीणों ने बताया कि इन समस्याओं के कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बैगा टोला में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही के निर्देश

डिंडौरी ( स्वतंत्र मत)

विकासखंड समनापुर अंतर्गत ग्राम चांदरानी माल के बैगा टोला में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीण जनसुनवाई में पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि जल प्रदाय योजना के तहत प्रारंभ में लगभग 3 माह के ट्रायल उपरांत करीब 1 वर्ष तक नियमित रूप से पानी की आपूर्ति होती रही, लेकिन मोटर पंप में तकनीकी खराबी आने के कारण योजना लंबे समय से बंद पड़ी है। ग्रामीणों द्वारा समस्या के निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग को अवगत कराया गया था। विभाग द्वारा तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों एवं सरपंच से संपर्क कर मोटर पंप निकालकर सुधार हेतु सुपुर्द किया गया तथा आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इसके बावजूद ग्राम पंचायत स्तर पर सुधार कार्य नहीं कराया गया। साथ ही, जल कर की राशि जमा न होने के कारण भी मरम्मत कार्य में विलंब हुआ। जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जिम्मेदारों को तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए तथा ग्रामीणों को शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया।

# करौंदी में रामलीला का भव्य मंचन, स्थानीय कलाकारों ने जीवंत किया रामकथा का हर प्रसंग

## भक्ति, ज्ञान, संगीत और हास्य-व्यंग्य का संगम, ग्रामीण अंचल से उमड़ रही भारी भीड़

डिंडौरी ( स्वतंत्र मत)

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर शिवशक्ति चौक चौगान करौंदी में संस्कार रामलीला मंडली द्वारा भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा है। यह मंचन मनमोहक, मार्मिक, ज्ञानवर्धक, संगीतमय और हास्य-व्यंग्य से भरपूर है, जिसे देखने करौंदी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं।

**स्थानीय कलाकारों का शानदार प्रदर्शन**-रामलीला की सबसे खास बात यह है कि इसमें सभी कलाकार स्थानीय हैं-कोई शिक्षक, कोई पत्रकार तो कोई अधिवक्ता-जो अपने अभिनय से पात्रों को जीवंत कर रहे हैं।

### शुभारंभ दिवस पर नारद मोह की अनुपम प्रस्तुति

प्रथम दिवस पर संत भगत गिरी बच्चू महाराज, विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो द्वारा पूजन-अर्चन कर शुभारंभ किया गया। इस दिन नारद मोह एवं विश्व मोहिनी स्वयंवर का मंचन हुआ, जिसमें नारद की भूमिका टंकेश्वर दुबे, काला देव पत्रकार भीमशंकर साहू, इंद्र अभिनेष साहू और भगवान विष्णु के रूप में हरीश दुबे ने प्रभावशाली अभिनय किया।



### राम जन्म और रावण अत्याचार का भावपूर्ण मंचन

द्वितीय दिवस पर रावण अत्याचार और राम जन्म की कथा प्रस्तुत की गई। इसमें रावण की भूमिका वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल बर्मन, कुंभकर्ण टेकचंद साहू, विभीषण प्रदीप साहू, भगवान विष्णु एवं राम के रूप में हरीश दुबे, जोकर (बहादुर) के पात्र में पत्रकार भीमशंकर साहू नजर आए। वहीं चक्रवर्ती सम्राट दशरथ शिवसुमन साहू, सुमंत कमलेश साहू, माता कौशल्या रामकिशोर बनवासी, सुमित्रा यशवंत मंतू उसराठे और कैकेयी संतोष कछवाहा ने सशक्त अभिनय किया। नन्हे बच्चों ने राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की भूमिकाएं निभाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

### ताड़का वध में दिखा रोमांच

तृतीय दिवस पर मुनि आगमन एवं ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। इसमें विश्वामित्र के रूप में टंकेश्वर दुबे, दशरथ शिवसुमन साहू, सुमंत कमलेश साहू, कौशल्या रामकिशोर बनवासी, सुमित्रा यशवंत मंतू उसराठे, मारीच अभिनेष साहू, सुबाहु मनीष साहू, नौकानल के रूप में पत्रकार भीमशंकर साहू और ताड़का के रूप में टेकचंद साहू ने शानदार अभिनय किया। चतुर्थ दिवस पर पुष्प वाटिका, नगर दर्शन और जनकपुर के मीना बाजार का मंचन हुआ, जिसमें कलाकारों ने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

### आज होगा धनुष यज्ञ का भव्य मंचन

आयोजकों के अनुसार बुधवार रात्रि को धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद, कामेडी प्रस्तुति और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन किया जाएगा। रामलीला मंडली ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भव्य आयोजन का आनंद लेने की अपील की है।


## कार्यालय नगर परिषद् बकहो जिला- शहडोल (म.प्र.)

नेशनल हाईवे मेन रोड बकहो (फोन-9755485693) Email.cmobakho.shahdol@mpurban.gov.in

क्र0/506/न.परि./लो.नि./2025-26 बकहो, दिनांक 24/03/2026

### ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् बकहो जिला शहडोल म.प्र. निकाय अन्तर्गत अधोलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन अधिक व कम दर निविदायें (यू.ए.डी.डी. के एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021) निविदा प्रपत्र अ में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

अनुसूची

| सरल क्र. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा फार्म की कीमत | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_493382_1 | नगर परिषद बकहो में 50 आउटसोर्स श्रमिक प्रदाय कार्य | 76.47 | 57359/- | 10000/- | 12 माह |
| 2 | 2026_UAD_493426_1 | कायाकल्प 1.0 योजनांतर्गत निर्मित सड़कों में साईड शोल्डर निर्माण कार्य | 4.88 | 4882/-. | 2000/- | 03 माह |

1. इच्छुक ठेकेदार विस्तृत जानकारी बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन देख सकते है।
2. ठेकेदार द्वारा ऑनलाईन निविदा सरल क्रमांक 1 में निविदा प्रपत्र क्रय की तिथि 24.03.2026 समय 11.00 A.M. से 23.04.2026 समय 05.00 P.M. तक रहेगी एवं निविदा सरल क्रमांक 2 में निविदा प्रपत्र क्रय की तिथि 24.03.2026 समय 11.00 A.M. से 08.04.2026 समय 05.00 P.M. तक रहेगी।
3. ठेकेदार के द्वारा ऑनलाईन निविदा सरल क्रमांक 1 में बिड सबमीशन तिथि 24.03.2026 समय 11.00 A.M. से 23.04.2026 समय 05.00 P.M. तक रहेगी एवं निविदा सरल क्रमांक 2 में बिड सबमीशन की तिथि 24.03.2026 समय 11.00 A.M. से 08.04.2026 समय 05.00 P.M. तक रहेगी।
4. निविदा सरल क्रमांक 1 में ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि 24.04.2026 समय 05.00 P.M. रहेगी एवं निविदा सरल क्रमांक 2 में ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि 09.04.2026 समय P.M. च्ण्डण् रहेगी।
5. निविदा में संशोधन / परिवर्तन / परिवर्धन होने की दशा में सूचना ऑनलाईन ही जारी होगी। पृथक से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बकहो, जिला शहडोल (म.प्र.)



## कार्यालय ग्राम पंचायत गिरवा, जनपद पंचायत बुढ़ार, जिला शहडोल (म.प्र.)

क्रमांक/ग्राम पंचा./गिरवा/2025-26/15 दिनांक 17.03.2026

### साप्ताहिक बाजार निलामी सूचना वर्ष 2026.27

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है की ग्रामपंचायत गिरवा जनपद पंचायत बुढ़ार की साप्ताहिक बाजार नीलामी वर्ष 2026-27 की नीलामी दिनाक 25/03/26 को समय 12 बजे ग्राम पंचायत भवन गिरवा के सभागार में संपन्न होना है जिसका विवरण निम्नानुसार है।

नियम शर्ते

| सरल क्र. | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य का नाम | अमानत राशि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गिरवा | सप्ताहिक बाजार बैठकी निलामी | 30000/- | 12 बजे से 25.03.2026 |

1. इच्छुक ठेकेदार विस्तृत जानकारी जनपद पंचायत गिरवा में देख सकते है।
2. अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत द्वारा किया जायेगा।

# गोपालगंज में उपयंत्री की लापरवाही ट्रांसफार्मर बना बड़ा खतरा, जिम्मेदार मौन

## मंदिर और आंगनवाड़ी के पास 11 केवी लाइन, ग्रामीणों में आक्रोश; अप्रैल में शिफ्टिंग का आश्वासन

सिवनी (स्वतंत्रमत )

विद्युत वितरण केंद्र गोपालगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव (सड़क) में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। मंदिर परिसर और आंगनवाड़ी केंद्र के पास स्थापित यह ट्रांसफार्मर दिनभर आने-जाने वाले लोगों, विशेषकर बच्चों के लिए जोखिम पैदा कर रहा है।



ग्रामीणों के अनुसार, ट्रांसफार्मर मंदिर के बेहद नजदीक स्थित है और उसके ऊपर से 11 केवी की हाईटेंशन लाइन भी गुजर रही है। मंदिर में श्रद्धालुओं का लगातार आवागमन रहता है, वहीं आसपास बच्चे खेलते रहते हैं, जिससे किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। आगामी नवरात्रि पर्व और शतचंडी यज्ञ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों को देखते हुए स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। इन आयोजनों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी, जिससे खतरा कई गुना बढ़ सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद उपयंत्री जगदीश परिहार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को लिखित आवेदन देकर ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। इस संबंध में मुख्य अभियंता एस.के. गिरिया (जबलपुर) से चर्चा करने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि सार्वजनिक स्थान पर खतरे को देखते हुए अप्रैल माह में ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

### सिवनी पहुँचे संयुक्त आयुक्त अम्बरीश वैद्य का स्वागत

# कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

सिवनी (स्वतंत्रमत )

सहकारिता विभाग के संयुक्त आयुक्त (जॉइंट कमिश्नर) अम्बरीश वैद्य के सिवनी आगमन पर म.प्र. सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ द्वारा सर्किट हाउस में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपनी लंबित समस्याओं को लेकर संयुक्त आयुक्त से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा।

**कर्मचारियों ने रखीं अपनी प्रमुख मांगें**

महासंघ के मीडिया प्रभारी जोगेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्किट हाउस में आयोजित इस शिष्टाचार भेंट के दौरान कर्मचारियों ने विभाग में व्याप्त विभिन्न विसंगतियों, लंबित मांगों एवं समस्याओं से संयुक्त आयुक्त को अवगत कराया। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि उच्च स्तर पर मामला पहुंचने के बाद उनकी समस्याओं का शीघ्र और सकारात्मक समाधान होगा। पदाधिकारियों की रही सक्रिय भागीदारी कार्यक्रम के दौरान संगठन की एकजुटता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष बंशीलाल ठाकुर, संतकुमार राजपूत, गणेश सिंगौर, प्रदीप कुमार शर्मा, सुदामा भारद्वाज, शब्बू अंसारी, गिरधारी मोरे एवं बी.एल. पंचवाहे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संयुक्त आयुक्त अम्बरीश वैद्य ने सभी कर्मचारियों की बातों को गंभीरता से सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**सिवनी जिले के पलारी पुलिस चौकी क्षेत्र में सर्रा टोला ग्राम के पास 23 मार्च की देर रात दो बाइक्स की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।**

सिवनी (स्वतंत्रमत )

यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक बाइक सवार पलारी से केवलारी की ओर जा रहा था और दूसरा धुटेरा से पलारी की ओर आ रहा था। सर्रा टोला ग्राम के समीप दोनों बाइकें आपस में टकरा गईं। टक्कर से 48 वर्षीय अजय यादव जो किसानी करते हैं, जिनको सिर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना स्थल पर वाहनों और लोगों का आवागमन काफी अधिक रहता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि सड़क पर फिसलन, गड्ढे या असंतुलन के कारण यह घटना हुई होगी। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास अन्य वाहन या अधिक संख्या में लोग मौजूद नहीं थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

जिला चिकित्सालय स्थित पुलिस चौकी प्रभारी विनेश बघेल ने बताया कि उन्हें सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार के घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायल के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

# स्वस्थ युवा, सशक्त भारत के मंत्र से मजबूत होगा देश

## उमंग स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा युवाओं का सैलाब, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की मिली सलाह

सिवनी (स्वतंत्रमत )

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में युवा विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला. शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया.

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के. सी. राउर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ तन और स्वस्थ मन ही जीवन को उमंग और उत्साह से भरते हैं. संतुलित दिनचर्या अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर होने का संदेश देते हुए कहा कि स्वस्थ युवा, सशक्त भारत के मंत्र से ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है. शिविर में दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय उपाध्याय तथा नेत्र चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप यादव ने विद्यार्थियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया. इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ आंखों, दांतों एवं ब्लड शुगर की जांच की गई.



स्वस्थ यकृत मिशन के तहत विद्यार्थियों की ऊंचाई, वजन और कमर का मापन कर बीएमआई का आकलन किया गया. कम वजन वाले विद्यार्थियों को पोषक आहार लेने की सलाह दी गई, वहीं अधिक वजन वाले विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम और फास्ट फूड से दूरी बनाने का सुझाव दिया.

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने की प्रेरणादायी व्याख्यान दिया. जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं अतिथि उपस्थित रहे. सभी ने स्वास्थ्य दल का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से शिविर का अधिकतम लाभ लेने की अपील की.

**दैनिक जीवन और स्वास्थ्य विषय पर हुआ युवाओं से सार्थक संवाद**- नोडल अधिकारी के. सी. राउर ने बताया कि पिछली बार की तरह यह आयोजन राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को उच्च रक्तचाप, मोटापा, मधुमेह जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया. कार्यक्रम के दौरान युवा छात्र-छात्राओं से दैनिक जीवन और स्वास्थ्य विषय पर सार्थक संवाद हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने बताया कि पिछले बार आयोजित कार्यक्रमों से उन्हें बेहद फायदा हुआ. कई युवाओं ने स्वस्थ जीवन शैली अपना कर अपनी करियर की दिशा निर्धारित की है और उन्हें सफलता हासिल हो रही है. युवाओं ने उमंग हेल्थ वेलनेस के कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें स्वयं के और परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा रखने में काफी मदद मिल रही है. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया भी बताई गई, जिसमें शिविर के दौरान लगभग 200 विद्यार्थियों की आईडी तैयार की गई. नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिलीप यादव ने आंखों की जांच के साथ स्क्रीन टाइम कम करने की सलाह दी, वहीं मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता मानसी पलागर ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाया. पुष्पा शर्मा, सपना श्रीवास और जयंती कुल्हाड़े की टीम ने भी छात्र-छात्राओं की जांच की और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के टिप्स बताए.



शिविर के सफल संचालन में देव डहेरिया, मनीष परिहार एवं सुधीर डहेरिया का विशेष सहयोग रहा।

महाविद्यालय परिवार से डॉ सविता मसीह, डॉ. ज्योति कुमरे, डॉ. चंद्रकला अरमोती, डॉ. ज्योति गजभिये, डॉ राधेश्याम डहेरिया, डॉ शाइस्ता कुरैशी , प्रो रचना राय, डॉ दिनेश चित्रिव, डॉ मनोज टेम्भरे, डॉ रामकुमार नायक, लेखराम डहेरिया, अभय नायक, संदीप शुक्ला, पुष्पेंद्र धुर्वे, उमाशंकर वर्मा की विशेष उपस्थिति के साथ प्राध्यापक शिक्षक और स्टाफ मौजूद रहे. कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# किकबॉक्सिंग: खेलो इंडिया नेशनल लीग हेतु सिवनी की बालिकाएं चेन्नई रवाना

सिवनी (स्वतंत्रमत )

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में, वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के सहयोग से आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग वूमेंस नेशनल लीग 2025-26 हेतु सिवनी जिले की बालिका खिलाड़ी चेन्नई (तमिलनाडु) के लिए रवाना हो रही हैं।

सिवनी जिले की अनुप्रिया कौरव, ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी एवं अनन्या साहू ने इंदौर में आयोजित वेस्ट ज़ोन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल लीग के लिए क्वालिफाई किया है। अब ये खिलाड़ी 26 से 29 मार्च 2026 तक चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।




सभी खिलाड़ी अनुभवी मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक निकेश पद्माकर एवं योगेश नाविक के कुशल, अनुशासित एवं निरंतर मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि निकेश पद्माकर, मध्यप्रदेश के वरिष्ठ एवं सुविख्यात किकबॉक्सिंग प्रशिक्षक हैं।

निकेश पद्माकर इंटरनेशनल जज-रैफरी (वाको) एवं मल्टी-डिसिप्लिन ब्लैक बेल्ट मार्शल आर्ट्स एक्सपर्ट हैं। वे लंबे समय से मध्यप्रदेश टीम कोच की जिम्मेदारी निभा रहे हैं और वर्तमान में भी राष्ट्रीय स्तर पर कोच के रूप में सक्रिय हैं, और इस नेशनल प्रतियोगिता में भी उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत इस वर्ष लगभग 20.14 लाख की नगद पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जिससे प्रतियोगिता और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक हो गई है।

इन बालिका खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर माननीय विधायक दिनेश राय मुनमुन जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, जिला पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

साथ ही जिला किकबॉक्सिंग संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों में भाजपा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पीजी कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं जिला किकबॉक्सिंग संघ के संरक्षक व प्रमुख मार्गदर्शक अजय बाबा पांडे, सुरेंद्रनाथ शुक्ला, आशीष नागपुरे, अवधेश पिंकी त्रिवेदी, देवेंद्र सिंह ठाकुर, आशीष अग्रवाल, देवेंद्र सेन, माधव दुबे, देवेंद्र सिंह राजपूत, नवीन नाविक, दिनेश सेन, महात्मा गांधी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रश्मि गौर सहित अनेक खेलप्रेमियों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष विनोद सोनडवाले एवं महासचिव आशुतोष दाधीच ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रदेश सहित अन्य राज्यों से मनोकामना कलश किए स्थापित

# कलबोड़ी मां ज्वाला देवी दरबार में जगमगा रहे 473 ज्योति कलश



सिवनी (स्वतंत्रमत )

जिला मुख्यालय से एनएच 44 पर नागपुर रोड स्थित कलबोडी ग्राम के मां ज्वाला देवी मंदिर में 473 ज्योति कलश घट स्थापना की गई है। प्रदेश सहित अन्य राज्यों से मनोकामना ज्योति कलश स्थापित की गई है। सिवनी, जबलपुर, नागपुर, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, पांढुरना, नरसिंहपुर, बालाघाट, भोपाल, ब्रह्मपुरी, हाथरस, अयोध्या, रायपुर, भंडारा, अमरावती, पूना, मुम्बई गोंदिया, वाशिम, नेपाल, रावतभाटा, राजस्थान सहित अन्य जगह से कलश (स्थापना) गई है।

दरबार की ओर से एक कलश, घी के आठ, संतान प्राप्ति आठ, मनोकामना के दो, सफलता प्राप्ति एवं खुशी से 456 सहित 473 कलश स्थापना की गई है। 26 मार्च गुरुवार अष्टमी पर हवन-पूजन, कन्या भोजन, भंडारा रात्रि में अष्टमी पूजन एवं 27 मार्च शुक्रवार नवमीं को ब्रहालीन रतनलाल बाबा की प्रतिमा एवं ज्वाला देवी का पूजन एवं बाबा जी के द्वारा बबूल के काटी की आसान लगाई जाएगी। संतान प्राप्त संतान का मुण्डन कार्यक्रम पश्चात बाबा जी गर्म तेल पूड़ी व स्नान करेंगे। कलशो के पूजन कर विसर्जन के लिए राम मंदिर होते हुए बजरंग मंदिर में विसर्जन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। कलश रखने वाली महिलाओं को सुहाग चिन्ह के रूप में चूड़ी बिंदी, कुमकुम आदि का वितरण संध्या आरती के पश्चात किया जाएगा।

# एक अप्रैल से टोल प्लाजा होंगे पूरी तरह कैशलेस

सिवनी (स्वतंत्रमत )

एक अप्रैल 2026 से भारत में सभी टोल प्लाजा कैशलेस होंगे। नकद भुगतान की सुविधा समाप्त हो जाएगी और वाहन चालकों को केवल फास्टैग या यूपीआई के माध्यम से टोल शुल्क का भुगतान करना होगा। एनएचएआई ने इस संबंध में सभी टोल प्लाजा के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इस व्यवस्था का उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है।नेशनल हाईवे पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों के लिए एक अप्रैल से बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। नए वित्तीय वर्ष 2026-27 से देशभर के सभी टोल प्लाजा पूरी तरह कैशलेस कर दिए जाएंगे। इसके बाद टोल पर नकद भुगतान की सुविधा समाप्त हो जाएगी और वाहन चालकों को केवल फास्टैग या यूपीआई के माध्यम से ही टोल शुल्क का भुगतान करना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एनएचएआई) ने नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर स्थित सभी टोल प्लाजा को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। निर्देशों के अनुसार 01 अप्रैल 2026 की मध्यरात्रि से यह व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।

नई व्यवस्था के अनुसार टोल प्लाजा पर नकद लेन-देन पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा, जिससे टोल पर लगने वाली लंबी कतारों और समय की बर्बादी को कम किया जा सके। एनएचएआई के अनुसार अब वाहन स्वामियों को अपने वाहनों पर फास्टैग अनिवार्य रूप से सक्रिय रखना होगा।

यदि किसी वाहन का फास्टैग निष्क्रिय होता है या उसमें पर्याप्त बैलेंस नहीं होता, तो चालक को टोल बूथ पर उपलब्ध बारकोड को स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से भुगतान करना होगा। इसके लिए वाहन चालकों के पास स्मार्टफोन और यूपीआई सुविधा होना आवश्यक होगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना और टोल प्लाजा पर पारदर्शिता के साथ तेज यातायात सुनिश्चित करना है। टोल पर नकद भुगतान बंद होने से वाहन चालकों को पहले से ही फास्टैग रिचार्ज कराकर रखना होगा अन्यथा उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं वाहनों के लिए मिलने वाले वार्षिक पास की दरों में भी बदलाव किया गया है।जिले में स्थित फुलारा टोल प्लाजा के प्रबंधक होशियार सिंग यादव ने फ्रीलांसर जर्नलिस्ट जितेन्द्र सिंह को जानकारी देते हुए बताया कि एनएचएआई के निर्देशानुसार 01 अप्रैल से टोल प्लाजा पर नकद भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। केवल फास्टैग या यूपीआई से ही टोल शुल्क लिया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि नकद भुगतान वाहन चालकों को अब पहले से फास्टैग सक्रिय रखना होगा ताकि टोल पार करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

# सरदार पटेल एकता यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

सिवनी (स्वतंत्रमत )

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुजरात कुर्मी समाज के अध्यक्ष सतीश भाई डी पटेल द्वारा राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश से 40 दिवसीय रथ यात्रा अहमदाबाद गुजरात से प्रारंभ की गई है जिसका समापन जबलपुर में आयोजित कुर्मी समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में दिनांक 4 अप्रैल 2026 को होगा।

इस यात्रा में सरदार पटेल के संघर्ष पूर्ण जीवन से जुड़ी वस्तुएं जिनमें उनके चरण पादुकाएं, स्वतंत्रता संग्राम में कारावास की अवधि में उपयोग की गई थाली लोटा, टिफिन, संदूक व अन्य स्मृति चिन्ह शामिल है।

इस यात्रा में प्रदर्शित 3 किलोग्राम वजनी स्वर्ण निर्मित अशोक स्तंभ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।



सिवनी नगर आगमन पर रैली का कुर्मी समाज, विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्थान स्थान पर माल्यार्पण व पुष्प से गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया ।

रैली का समापन सात फेरे लान डूंडा सिवनी में आयोजित एक विशाल सभा में किया गया । वक्ताओं ने इस सभा में सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया । सभा को सरदार पटेल एकता यात्रा के संयोजक बाबू भाई पटेल नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोदिया एवं प्रोफेसर एम सी सनोडिया ने संबोधित किया। सभा का संचालन जितेंद्र सनोडिया एवं शिव सनोडिया ने किया एवं आभार प्रदर्शन समाज के अध्यक्ष रमेश प्रसाद सनोडिया ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों जिनमें कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिवराम सनोडिया, पंचायत एवं ग्रामीण विकास कार्य के लिए घनश्याम सनोडिया, शिक्षा क्षेत्र के लिए कामता प्रसाद बघेल, छिद्दीलाल श्रीवास एवं प्रताप सिंह सनोडिया तथा शहीद आकाश बघेल के परिजन को सम्मानित किया गया।

एकता यात्रा को सफल बनाने में युवा कुर्मी समाज के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सनोदिया एवं युवा सचिव दिनेश सनोदिया कपिल सनोदिया एवं उनकी पूरी युवा टीम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सनोदिया रामचरण सनोडिया ददुआ पटेल राजकुमार सनोडिया महिला कुर्मी समाज की अध्यक्ष श्रीमती आशा चंदेल प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमति रुक्मणि सनोदिया श्रीमती आशा सनोडिया श्रीमती ज्योति सनोदिया सहित बड़ी मात्रा में कुर्मी क्षत्रिय समाज के पुरुष एवं महिलाएं व युवा उपस्थित रहे। रैली का अभूतपूर्व स्वागत कर सफल बनाने के लिए सभी नगर वासियों, मीडिया व जिला प्रशासन के प्रति कुर्मी समाज द्वारा आभार व्यक्त किया गया है।